ध्रुवस्वामिनी : भूल है - भ्रम है। ¼Bgj dj½ किंतु उसका कारण भी है। पराधीनता की एक परंपरा-सी उनकी नस-नस में – उनकी चेतना में न जाने किस युग से घुस गयी है। उन्हें समझ कर भी भूल करनी पड़ती है। क्या वह मेरी भूल न थी– जब मुझे निर्वासित किया गया, तब मैं अपनी vkRe-e;kZnk के लिए कितनी तड़प रही थी और राजाधिराज रामगुप्त के चरणों में रक्षा के लिए गिरी; पर कोई उपाय चला? नहीं। पुरुषों की प्रभुता का जाल मुझे अपने निर्दिष्ट पथ पर ले ही आया। मन्दा! दुर्ग की विजय मेरी सफलता है या मेरा दुर्भाग्य इसे मैं नहीं समझ सकी हूँ। राजा से मैं सामना नहीं चाहती। पृथ्वी-तल से जैसे

पतित्यक्ताःपति द्वारा त्यागी हुई; निष्पीड़नःशोषण; शाश्वतःजो सदा स्थायी है; आलोकःप्रकाश; सर्वस्वःसब कुछ; अवलम्बःसहारा, आश्रय; तिरस्कारःअपमान, अनादर; उपकृतःजिसका उपकार किया गया होगा; आत्म-मर्यादाः आत्म-सम्मान।

एक साकार घृणा निकल कर मुझे अपने पीछे लौट चलने का संकेत कर रही है। क्यों, क्या यह मेरे मन का कलुष है? क्या मैं मानसिक पाप कर रही हूँ?

¼mUeÙk Hkko ls iLFkku½

मंदाकिनी : नारी-हृदय, जिसके मध्य बिंदु से सट कर, शास्त्र का एक मन्त्र कील की तरह गड़ गया है और उसे अपने सरल प्रवर्त्तन-चक्र में घूमने से रोक रहा है। निश्चय ही वह कुमार चंद्रगुप्त ही अनुरागिनी है।

चन्द्रगुप्त : ¼lgla izos'k djd½ कौन? - मन्दा!

मन्दाकिनी : अरे कुमार! अभी थोड़ा विश्राम करते।

चंद्रगुप्त : ¼cBrs gq,½ विश्राम! मुझे कहाँ विश्राम? मैं अभी से प्रस्थान करने वाला हूँ। मेरा कर्त्तव्य पूर्ण हो चुका। यहाँ मेरा ठहरना अच्छा नहीं।

मंदाकिनी : किंतु, भाभी की जो बुरी दशा है।

चंद्रगुप्त : क्यों, उन्हें क्या हुआ? ¼eankfduh pqi jgrh g½ बोलो, मुझे अवकाश नहीं! राजाधिराज का सामना होते ही क्या हो जायेगा - मैं नहीं कह सकता। क्योंकि अब यह राजनीतिक छल-प्रपंच मैं नहीं सह सकता।

मंदाकिनी : किंतु, उन्हें इस असहाय अवस्था में छोड़कर आपका जाना क्या उचित होगा? और···· ¼pqi jg tkrh g½

चंद्रगुप्त : और क्या? वहीं क्यों नही कहती हो?

मंदाकिनी : तो क्या उसे भी कहना होगा? महादेवी बनने के पहले ध्रुवस्वामिनी का जो मनोभाव था, वह क्या आप से छिपा है?

चंद्रगुप्त : किंतु मंदाकिनी! उसकी चर्चा करने से क्या लाभ?

मंदाकिनी : हृदय में नैतिक साहस - वास्तविक प्रेरणा ओर पौरुष की पुकार एकत्र करके सोचिए तो कुमार, कि अब आपको क्या करना चाहिए? ¼pnzxqIr fpfUrr Hkko ls Vgyus yxrk gSA uiF; esa dqN ykxksa ds vkus&tkus dk 'kCn vkj dksykgy½ देखूँ तो यह क्या है? और महादेवी कहाँ गयी? ¼iLFkku½

चंद्रगुप्त : fo/kku की स्याही का एक बिंदु गिर कर भाग्य-लिपि पर कालिमा चढ़ा देता है। मैं आज यह स्वीकार करने में भी संकुचित हो रहा हूँ कि ध्रुवदेवी मेरी है। ¼Bgj dj½ हाँ, वह मेरी है। उसे मैंने आरंभ से ही अपनी सम्पूर्ण भावना से प्यार किया है। मेरे हृदय के गहन vUrLry से निकली हुई यह मूक स्वीकृति आज बोल रही है। मैं पुरुष हूँ? नहीं, मैं अपनी आँखों से अपना वैभव और अधिकार दूसरों को अन्याय से छीनते देख रहा हूँ। और मेरी okXnÙkk पत्नी मेरे ही अनुत्साह से आज मेरी नहीं रही। नहीं, यह शील का कपट, मोह और प्रवंचना है। मैं जो हूँ, वही तो नहीं स्पष्ट रूप से प्रकट कर सका। यह कैसी विडम्बना है! विनय के आवरण में मेरी कायता अपने को कब तक छिपा सकेगी?

¼,d vksj ls /kzqoLokfeuh vkSj nljh vksj ls eUnkfduh dk izos'k½

मंदाकिनी : शकराज का भाव लेकर जाते हुए आचार्य और उसकी कन्या का राजाधिराज के साथी सैनिकों ने वध कर डाला!

ध्रुवस्वामिनी : ¼nljh vksj ls izos'k djd½ ऐं।

¼lkeUr dqekjksa dk izos'k½

सामन्त कुमार : ¼lc ,d lkFk gh½ स्वामिनी! आपकी आज्ञा के विरुद्ध राजाधिराज ने निरीह शकों का संहार करवा दिया है।

ध्रुवस्वामिनी : फिर आप लोग इतने चंचल क्यों हैं? राजा को आज्ञा देनी चाहिए और प्रजा को ur-eLrd होकर उसे मानना होगा।

सामंत कुमार : किंतु अब यह असह्य है। jkt lÙkk ds vfLrRo की घोषणा के लिए इतना भयंकर प्रदर्शन। मैं तो कहूँगा, इस दुर्ग में आपकी आज्ञा के बिना राजा का आना अन्याय है।

विधानःनियम; अन्तस्तलःआन्तरिक भाग, गहन अन्तस्तलःअनन्त गहराई; वाग्दत्ताःवह कन्या जिसके विवाह की बात किसी के साथ तय की जा चुकी हो; नत-मस्तकःसिर-झुकाकर; राजसत्ताःराजशक्ति, राज्य की सत्ता; अस्तित्वःमौजूदगी होना।

ध्रुवस्वामिनी : मेरे वीर सहायकों! मैं तो स्वयं एक परित्यक्ता और grHkkfxuh स्त्री हूँ। मुझे तो अपनी स्थिति की कल्पना से भी {kkHk हो रहा है। मैं। क्या कहूँ?

सामंत कुमार : मैं सच कहता हूँ, रामगुप्त-जैसे राजपद को कलुषित करने वाले के लिए मेरे हृदय में तनिक भी श्रद्धा नहीं। विजय का उत्साह दिखाने यहाँ वे किस मुँह से आये हैं, जो हिंसक, ik[k.Mh] {kho और Dyho हैं।

रामगुप्त : ¼lglk f'k[kjLokeh d: lkFk io'k djd½ क्या कहा? फिर से तो कहना!

सामंत कुमार : गुप्त-काल के गौरव को कलंक-कालिमा के सागर में fuefTtr करने वाले!

शिखरस्वामी : ¼mlu chp gh e: jkddj½ चुप रहो! क्या तुम लोग किसी के cgdku: से आवेश में आ गये हो? ¼pnxlr dh vkj n[kdj½ कुमार! यह क्या हो रहा है?

¼pUnxlr mUkj nu: dh p"Vk djd: p|i jg tkrk g½

रामगुप्त : nfouhr] पाखण्डी, ikejk, तुम्हें इस धृष्टता का क्रूर दंड भोगना पड़ेगा। ¼uiF; dh vkj n[kdj½ इन विद्रोहियों को बंदी करो।

¼jkexlr d: lfud vkdj lkeUr dekjk dk cUnh cukr: g|A jkexlr dk l:dr ik dj lfud ykx pUnxlr dh vkj Hkh c<r: g: vkj pnxlr J:[kyk e: c/k tkrk g½

ध्रुवस्वामिनी : कुमार! मैं कहती हूँ कि तुम ifrokn करो। किस अपराध के लिए यह दण्ड ग्रहण कर रहे हो?

¼pnxlr ,d nh?k fu'okl ydj p|i jg tkrk g½

रामगुप्त : ¼gldj½ कुचक्र करने वाले क्या बोलेंगे?

ध्रुवस्वामिनी : और जो लोग बोल सकते हैं, जो अपनी पवित्रता की nUnHkh ctkr: हैं, वे सब-के-सब साधु होते हैं न? ¼pnxlr l½ कुमार! तुम्हारी जिह्वा पर कोई बंधन नहीं। कहते क्यों नहीं कि मेरा यही अपराध है कि मैंने कोई अपराध नहीं किया?

रामगुप्त : महादेवी!

ध्रुवस्वामिनी : ¼mlu u lur: g, pnxlr½ झटक दो इन ykg-J:[kykvk को! यह मिथ्या ढोंग कोई नहीं सहेगा। तुम्हारा Ø) nno भी नहीं।

रामगुप्त : ¼MkV dj½ महादेवी! चुप रहो!

ध्रुवस्वामिनी : ¼r:tfLork l½ कौन महादेवी! राजा, क्या अब भी मैं महादेवी ही हूँ? जो, शकराज की शय्या के लिए Øhrnklh की तरह भेजी गयी हो वह भी महादेवी! आश्चर्य!

शिखरस्वामी : देवी, इस राजनीतिक चातुरी में जो सफलता····।

ध्रुवस्वामिनी : ¼ij iVd dj½ चुप रहो। प्रवंचना के पुतले! स्वार्थ के घृणित i:ip चुप रहो।

रामगुप्त : तो तुम महादेवी नहीं हो न?

ध्रुवस्वामिनी : नहीं। मनुष्य की दी हुई उपाधि में लौटा देती हूँ।

रामगुप्त : और मेरी lg/kfe.kh?

ध्रुवस्वामिनी : धर्म ही इसका निर्णय करेगा!

रामगुप्त : ऐं, क्या इसमें भी संदेह!

ध्रुवस्वामिनी : उसे अपने हृदय से पूछिए कि क्या मैं वास्तव में सहधर्मिणी हूँ?

¼ijkfgr dk io'k] lkeu: lcdk n[kdj pkd mBrk gA f'k[kjLokeh mlu: py: tku: dk l:dr djrk g½

पुरोहित : नहीं, मैं नहीं जाऊँगा। प्राणि-मात्र के अन्तस्त में जाग्रत रहने वाले महान् विचारक धर्म की आज्ञा, मैं न टाल सकूँगा। अभी जो प्रश्न अपनी गम्भीरता से भीषण होकर आप लोगों को विचलित कर रहा है, मैं ही उसका उत्तर देने का अधिकारी हूँ। विवाह का धर्मशास्त्र से घनिष्ट सम्बन्ध है।

ध्रुवस्वामिनी : आप सत्यवादी ब्राह्मण हैं। कृपा करके बतलाइए····।

हतभागिनीःभाग्यहीन; क्षोभःक्रोध मिश्रित दुःख; पाखंडीःधोखेबाज, धूर्त; क्षीवःउन्मन, मद में अंधा (मंदांध); क्लीवःकायर; निमज्जितःडुबोना; बहकानेःबातों में फुसलाना; दुर्विनीतः अशिष्ट; पामरोःदुष्ट, पाजी, नीच, प्रतिवादःविरोध; दुन्दुभी बजातेःनगाड़ा बजाना (यहाँ इसका प्रयोग मुहावरे के रूप में हुआ है और तारीफ करने से है। बोलचाल की भाषा में अक्सर ''डंका पीटना'' पद का इस्तेमाल किया जाता है); लौह-श्रृंखलाओंःलोहे की जंजीरें; क्रुद्ध दुर्दैवःदुर्भाग्य; क्रीतदासीःखरीदी हुई दासी; प्रपंचःछल; सहधर्मिणीःपत्नी।

शिखरस्वामी : ¼fou; lml jkddj½ मैं समझता हूँ कि यह विवाद अधिक बढ़ाने से कोई लाभ नहीं!

ध्रुवस्वामिनी : नहीं, मेरी इच्छा इस विवाद का अंत करने की है। आज यह निर्णय हो जाना चाहिए कि मैं कौन हूँ।

रामगुप्त : ध्रुवस्वामिनी, निर्लज्जता की भी एक सीमा होती है।

ध्रुवस्वामिनी : मेरी निर्लज्जता का दायित्व क्लीव कापुरुष पर है। स्त्री की लज्जा लूटने वाले दस्यु के लिए मैं ....।

रामगुप्त : ¼jkddj½ चुप रहो! तुम्हारा पर-पुरुष में vuqjDr हृदय अत्यंत कलुषित हो गया है। तुम काल-सर्पिणी-सी स्त्री! ओह, तुम्हें धर्म का तनिक भी भय नहीं। शिखर! इसे भी बंदी करो।

पुरोहित : ठहरिए! महाराज, ठहरिए! धर्म की ही बात मैं सोच रहा था।

शिखरस्वामी : ¼Øks/k ls½ मैं कहता हूँ कि तुम चुप न रहोगे, तो तुम्हारी भी यही दशा होगी।

¼lSfud vkxs c<rk g½

मन्दाकिनी : ¼mls jksd dj½ महाराज, iq#"kkFkZ का इतना बड़ा प्रहसन! अबला पर ऐसा अत्याचार!!! यह गुप्त-सम्राट के लिए शोभा नहीं देता।

रामगुप्त : ¼lSfud ls½ क्या देखते हो जी!

¼lSfud vkxs c<rk g vkSj pUnzxqIr vkos'k esa vkdj ykSg-Jà[kyk rksM Mkyrk gSA lc vk'p;Z vkSj Hk; ls n[krs g½

चंद्रगुप्त : मैं भी आर्य समुद्रगुप्त का पुत्र हूँ। और शिखरस्वामी, तुम यह अच्छी तरह जानते हो कि मैं ही उनके द्वारा निर्वाचित युवराज भी हूँ। तुम्हारी नीचता अब vlg; है। तुम अपने राजा को लेकर इस दुर्ग से सकुशल बाहर चले जाओ। यहाँ अब मैं ही शकराज के समस्त अधिकारों का स्वामी हूँ।

रामगुप्त : ¼Hk;Hkhr gksdj pkjks vksj n[krk gvk½ क्यों?

ध्रुवस्वामिनी : ¼pUnzxqIr ls½ यही तो कुमार!

चंद्रगुप्त : ¼lSfudks dks MiV dj½ इन सामन्त कुमारों को मुक्त करो!

¼lSfud oSlk gh djrs g vkSj f'k[kjLokeh ds ladsr ls jkexqIr /khj-/khjs Hk; ls ihN gVrk gvk ckgj pyk tkrk g½

शिखरस्वामी : कुमार! इस कलह को मिटाने के लिए हम लोगों को परिषद् का निर्णय माननीय होना चाहिए। मुझे आपके vf/kiR; से कोई विरोध नहीं है, किन्तु सब काम विधान के अनुकूल होना चाहिए। मैं dqy-o)ksa को और सामन्तों को, जो यहाँ उपस्थित हैं, लिवा लाने जाता हूँ।

¼iLFkku½

¼lSfud ykx vkSj Hkh ep y vkrs g vkSj lkeUr dekj viu [kMxks dk [khpdj pUnzxqIr ds ihN [kM gks tkrs gSA /koLokfeuh vkSj pUnzxqIr ijLij ,d nljs dk n[krs g, [kM jgrs gSA ifj"kn ds lkFk jkexqIr dk izns'kA lc ykx ep ij cBrs g½

पुरोहित : कुमार! आसन ग्रहण कीजिए।

चंद्रगुप्त : मैं अभियुक्त हूँ।

शिखरस्वामी : बीती हुई बातों को भूल जाने में ही भलाई है। भाई-भाई की तरह गले से लग कर गुप्त-कुल का गौरव बढ़ाइए।

चंद्रगुप्त : अमात्य, तुम गौरव किसको कहते हो? वह है कहीं? रोग-जर्जर शरीर पर vyadkjksa की सजावट, efyurk और कलुष की ढेरी पर बाहरी कुंकुम-केसर का लेप गौरव नहीं बढ़ाता। dqfVyrk की ifrefrZ बोलो! मेरी वाग्दत्ता पत्नी और पिता-द्वारा दिए हुए मेरे सिंहासन का vigj.k किसके संकेत से हुआ? और छल से....।

रामगुप्त : यह उन्मक्त iyki बन्द करो। चंद्रगुप्त तुम मेरे भाई ही हो न! मैं तुमको क्षमा करता हूँ।

अनुरक्तःअनुराग युक्त, प्रेमरत; पुरुषार्थःपौरुष, पराक्रम, शक्ति, सामर्थ्य; असह्यःन सहने योग्य; अधिपत्यः प्रभुत्व; कुल-वृद्धोंःपरिवार के बुजुर्ग; अलंकारोंःआभूषण; मलिनताःमैल; कुटिलताःचालबाजी, दुष्टता; प्रतिपूर्तिःप्रतिमा; अपहरणःछीन लेना; प्रलापःनिरर्थक बात, बकवास।

चंद्रगुप्त : मैं उसे मांगता नहीं और क्षमा देने का अधिकार भी तुम्हारा नहीं रहा। आज तुम राजा नहीं हो। तुम्हारे पाप प्रायश्चित की पुकार कर रहे हैं। न्यायपूर्ण निर्णय के लिए प्रतीक्षा करो और vfHk;Dr बनकर अपने अपराधों को सुनो।

मन्दाकिनी : ¼/kzoLokfeuh dk vkxs [khap dj½ यह है गुप्तकुल की वधू।

रामगुप्त : मन्दा!

मन्दाकिनी : राजा के भय, मन्दा का गला नहीं घोंट सकता। तुम लोगों को यदि कुछ भी बुद्धि होती, तो इस अपनी कुल-मर्यादा, नारी को, शत्रु के दुर्ग में यों न भेजते। भगवान् ने स्त्रियों को उत्पन्न करते ही अधिकारों से ofpr नहीं किया है। किंतु तुम लोगों की nL;q-ofÙk ने उन्हें लूटा है। इस परिषद् में मेरी प्रार्थना है कि आर्य समुद्रगुप्त का विधान तोड़ कर जिन लोगों ने jkt-fdfYo"k किया हो उन्हें दण्ड मिलना चाहिए।

शिखरस्वामी : तुम क्या कर रही हो?

मंदाकिनी : मैं तुम लोगों की नीचता की गाथा सुना रही हूँ। अनार्य! सुन नहीं सकते? तुम्हारी प्रवंचनाओं ने जिस नरक की सृष्टि की है उसका अन्त समीप है। वह साम्राज्य किसका है? आर्य समुद्रगुप्त ने किसे युवराज बनाया था? चंद्रगुप्त को या इस क्लीव रामगुप्त को जिसने छल और बल से विवाह करके भी इस नारी को अन्य पुरुष की अनुरागिनी बताकर दण्ड देने के लिए आज्ञा दी है। वही रामगुप्त, जिसने कापुरुषों की तरह इस स्त्री को शत्रु के दुर्ग में बिना विरोध किये भेज दिया था, तुम्हारे गुप्त साम्राज्य का सम्राट है! और वह ध्रुवस्वामिनी! जिसे कुछ दिनों तक तुम लोगों ने महादेवी कह कर सम्बोधित किया है, वह क्या है? कौन है? और उसका कैसा अस्तित्व है? कहीं /keZ'kkL= हो तो उसका मुँह खुलना चाहिए।

पुरोहित : शिखर, मुझे अब भी बोलने दोगे या नहीं। मैं राज्य के संबंध में कुछ नहीं कहना चाहता। वह तुम्हारी राजनीति जाने। किंतु इस विवाह के संबंध में तो मुझे कुछ कहना ही चाहिए।

गुप्तकुल का एक वृद्ध – कहिए देव, आप ही तो धर्मशास्त्र के मुख हैं।

पुरोहित : विवाह की विधि ने देवी ध्रुवस्वामिनी और रामगुप्त को एक भ्रान्तिपूर्ण बन्धन में बाँध दिया है। धर्म का उद्देश्य इस तरह innfyr नहीं किया जा सकता। माता और पिता के प्रमाण के कारण से धर्म-विवाह केवल परस्पर द्वेष से टूट नहीं सकते; परंतु यह संबंध उन प्रमाणों से भी विहीन है। और भी ¼jkexqIr dk n[kdj½ यह रामगुप्त मृत और iofTkr तो नहीं; पर गौरव से नष्ट, आचरण से पतित और कर्मों से राजकिल्विषी क्लीव है। ऐसी अवस्था में रामगुप्त का ध्रुवस्वामिनी पर कोई अधिकार नहीं।

रामगुप्त : ¼[kM~x gkFk esa ysdj½ मूर्ख! तुमको मृत्यु का भय नहीं!

पुरोहित : तनिक भी नही! ब्राह्मण केवल-धर्म से भयभीत है। अन्य किसी भी शक्ति को वह तुच्छ समझता है। तुम्हारे बधिक मुझे धार्मिक सत्य कहने से रोक नहीं सकते। उन्हें बुलाओ, मैं प्रस्तुत हूँ।

मंदाकिनी : धन्य हो ब्रह्मदेव!

शिखरस्वामी : किंतु निर्भीक पुरोहित, तुम क्लीव शब्द का प्रयोग कर रहे हो!

पुरोहित : ¼gldj½ राजनीतिक दस्यु! तुम शास्त्रार्थ न करो। क्लीव! श्रीकृष्ण ने अर्जुन को क्लीव किसलिए कहा था? जिसे अपनी स्त्री को दूसरे की अंकगामिनी बनने के लिए भेजने में कुछ संकोच नहीं, वह क्लीव नहीं तो और क्या है? मैं स्पष्ट कहता हूँ कि धर्मशास्त्र रामगुप्त से ध्रुवस्वामिनी के मोक्ष की आज्ञा देता है। परिषद् के सब लोग – अनार्य, ifrr और क्लीव रामगुप्त, गुप्त साम्राज्य के पवित्र राज्य-सिंहासन पर बैठने का अधिकारी नहीं।

अभियुक्तः जिस पर किसी अपराध का अभियोग लगाया गया हो, मुल्जिम; वंचितःहीन, रहित; दस्यु-वृत्तिःडाकू का पेशा, लुटेरापन; राज-किल्विषःराजनीतिक अपराध; धर्मशास्त्रःवह प्राप्त ग्रंथ जिसमें मनुष्य के कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य, दाय-विधान आदि की व्यवस्था हो (मनु, यज्ञवल्वय आदि स्मृतियाँ); पददलितःपैरों के नीचे कुचलना, नष्ट-भ्रष्ट; प्रवर्जितः जो बाहर चला गया हो; पतितः आचार से भ्रष्ट व्यक्ति।

रामगुप्त : ¼l'kd vkj Hk;Hkhr-lk b/kj-m/kj n[kdj½ तुम सब पाखण्डी हो, विद्रोही हो। मैं अपने न्यायपूर्ण अधिकार को तुम्हारे-जैसे कुत्तों के भौंकने पर न छोड़ दूँगा।

शिखरस्वामी : किंतु परिषद् का विचार तो मानना ही होगा।

रामगुप्त : ¼jku d Loj e½ शिखर! तुम भी ऐसा कहते हो? नहीं, मैं यह न मानूँगा।

ध्रुवस्वामिनी : रामगुप्त तुम अभी इस दुर्ग के बाहर जाओ।

रामगुप्त : ऐं! यह परिवर्तन? तो मैं सचमुच क्लीव हूँ क्या?

¼/khj-/khj gVrk gvk pUnxlr d ihN igpdj mls dVkj fudky dj ekjuk pkgrk g pUnxlr dk foiUu n[kdj dN ykx fpYyk mBr gA tc rd pnxlr ?kerk g rc rd ,d lkeUr dekj jkexlr ij *igkj* djdk pnxlr dh j{kk dj yrk g(jkexlr fxj iMrk g½

सामंत कुमार : राजाधिराज चंद्रगुप्त की जय!

परिषद् : महादेवी ध्रुवस्वामिनी की जय!

¼iVk{ki½

ck/k i'u

1. ध्रुवस्वामिनी से रामगुप्त की पहली बार बातचीत कब होती है?

....

....

....

2. शकराज ने क्या संधि-प्रस्ताव भेजा है?

....

....

....

3. चंद्रगुप्त ने ध्रुवस्वामिनी की रक्षा का क्या उपाय सोचा है?

....

....

4. पुरोहित तथा परिषद् के सदस्य क्या निर्णय देते हैं?

....

....

....

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और बताइए कि वे किस पात्र के वचन हैं और उसने वह वचन क्यों कहे हैं?

5. ''किन्तु मेरा नीड़ कहाँ है? यह तो स्वर्ग-पिंजर है?''

....

....

....

6. ''हाँ यह तो बताओ, तुम्हारे राजकुल में नियम क्या है? पहले अमात्य की मंत्रणा सुननी पड़ती है फिर राजा से भेंट होती है?''

....

....

....

7. शकराज क्या मुझे देवी बना कर भक्तिभाव से मेरी पूजा करेगा। वाह रे लज्जाशील पुरुष!

....

....

....

प्रहारः वार, आघात।

8. वह देखो, नील, लोहित रंग का धूमकेतु अविचल भाव से इस दुर्ग की ओर कैसा भयानक संकेत कर रहा है?

....

....

....

....

9. उसे अपने हृदय से पूछिए क्या मैं वास्तव में सहधर्मिणी हूँ।

....

....

....

....

27-3 lnHkZ lfgr O;k[;k

m)j.k 1

''निर्लज्ज! मद्यप!! क्लीव!!! ओह, तो मेरा कोई रक्षक नहीं? (ठहर कर) नहीं, मैं अपनी रक्षा स्वयं करूँगी। मैं उपहार में देने की वस्तु, शीतल-मणि नहीं हूँ। मुझमें रक्त की तरल लालिमा है। मेरा हृदय ऊष्ण है और उसमें आत्म-सम्मान की ज्योति है। उसकी रक्षा मैं ही करूँगी।

lnHkZ

प्रस्तुत पंक्तियाँ श्री जयशंकर 'प्रसाद' के नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' से ली गई हैं। 'प्रसाद' जी हिंदी के प्रमुख नाटककार हैं। उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक सांस्कृतिक नाटकों की रचना की है। प्रस्तुत नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' गुप्तयुगीन इतिहास से संबंधित है।

izlax

सम्राट समुद्रगुप्त की मृत्यु के पश्चात् उनका बड़ा पुत्र रामगुप्त सिंहासन पर बैठा और उसका विवाह ध्रुवस्वामिनी से हुआ। रामगुप्त में सुयोग्य शासक के सभी गुणों का अभाव है। मद्यपान और भोग-विलास ही उसके जीवन का लक्ष्य है। महादेवी ध्रुवस्वामिनी के प्रति भी उसका व्यवहार अपमानजनक है। उसे शंका है कि महादेवी के हृदय में कुमार चंद्रगुप्त के प्रति प्रेम भाव है। उसी समय सूचना मिलती है कि उनके शिविर को शकों ने घेर लिया है बाहर निकलने का कोई मार्ग नहीं है। अब दो ही रास्ते रह गए हैं या तो युद्ध करके शकों को पराजित किया जाए या फिर उनका संधि-प्रस्ताव स्वीकार किया जाए। संधि के प्रमाणस्वरूप शकराज ने महादेवी ध्रुवस्वामिनी को माँगा है। कायर रामगुप्त में युद्ध करने का साहस और पराक्रम तो नहीं है। किंतु उसे राजसिंहासन का लोभ है। किसी भी कीमत पर राजाधिराज बना रहना चाहता है। वह संधि की शर्त स्वीकार करने को तैयार हो गया है। ध्रुवस्वामिनी को यह सुनकर अत्यंत कष्ट होता है। वह रामगुप्त को ध्यान दिलाती है कि अपनी पत्नी को उपहार में देने में उसका अपना ही अपमान है किंतु रामगुप्त पर कोई असर नहीं होता। वह रक्षा की भीख माँगती है, अनुरोध करती है कि अपना अहं त्याग कर वह राजा के विलास की सहचरी बनने को प्रस्तुत है। किंतु कायर रामगुप्त किसी भी कीमत पर शकराज से युद्ध में मुकाबला नहीं करना चाहता क्योंकि उसे दुनिया में सबसे ज्यादा अपने प्राण प्यारे हैं। भले ही सम्मान रहे या न रहे। वह अपने प्राणों को संकट में नहीं डाल सकता। इसलिए उसका आदेश है कि ध्रुवस्वामिनी को शकराज के पास जाना ही होगा। असहाय अवस्था में विवश ध्रुवस्वामिनी क्षोभ, क्रोध और घृणा से तिलमिला उठती है।

O;k[;k

अपमान से आहत और परिस्थितियों से विवश ध्रुवस्वामिनी रामगुप्त से कटु वचन कहती है। बेशर्म, कायर, नपुंसक और मद्यप संबोधनों का प्रयोग करके वह अपना क्रोध प्रकट करती है। एक जागरूक साहसी स्त्री की भाँति वह अपने प्रति हो रहे अपमान और अन्याय का विरोध करती है। रामगुप्त के आचरण की निंदा करती है। एक क्षण के लिए उसमें बेबसी दिखाई देती है, जब वह कहती है : ''ओह, तो मेरा कोई रक्षक नहीं।'' तुरंत ही उसका आत्म-विश्वास जागता

है। वह दृढ़ता से कहती है कि वह स्वयं अपनी रक्षा करेगी। बौद्धिक रूप से जागरूक आधुनिक स्त्री की भाँति वह कहती है कि वह कोई निर्जीव वस्तु नहीं जिसे उपहार में दे दिया जाए। वह कोई शीतलता प्रदान करने वाला रत्न भी नहीं है जिसे कोई व्यक्ति जब चाहे दूसरे को दे दे! 'शीतल मणि' से तात्पर्य ऐसी चीज़ से है जो किसी व्यक्ति के सुख और आराम के लिए उसे उपलब्ध कराई जाए। जब वह कहती है कि उसमें रक्त की तरल लालिमा है; यानी वह मनुष्य है, उसके साथ बेजान चीज़ों जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता तो इसका तात्पर्य है कि स्त्री होने के नाते वह केवल पुरुष की विलासिता का साधन नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाए। व्यक्ति के रूप में उसकी अपनी स्वतंत्रता की रक्षा होनी चाहिए। यह उसका मानवीय अधिकार है। मनुष्य और बेजान चीज़ों में क्या अंतर है? यही न कि मनुष्य सुख-दुख, मान-अपमान अनुभव करता है, उसमें सोचने विचारने की शक्ति है क्योंकि उसके पास हृदय होता है। हृदय ऊष्ण होने का अर्थ है कि हृदय में भाव की ऊष्मा है। आत्मसम्मान उस पवित्र ज्योति की तरह होता है जो मनुष्य को व्यक्ति के रूप में अपनी सार्थकता का अहसास कराता है। उसमें श्रेष्ठ जीवन-मूल्यों का संचार करता है जिसकी ध्रुवस्वामिनी रक्षा करना चाहती है। आत्मसम्मान की रक्षा के लिए जब किसी अन्य व्यक्ति की सहायता नहीं मिलती तो वह स्वयं ही अपनी रक्षा का दृढ़ निश्चय करती है।

fo'ys"k.k

1) इस गद्यांश में ध्रुवस्वामिनी के हृदय के कई भावों – क्रोध, विवशता और आत्मविश्वास – को एक साथ प्रस्तुत किया गया है। मानवीय मनोविज्ञान की दृष्टि से यह बहुत स्वाभाविक चित्रण है।
2) इससे ध्रुवस्वामिनी के चरित्र की विशेषता अर्थात् उसके विश्वास और दृढ़ता का पता चलता है।
3) ध्रुवस्वामिनी का यह कथन लेखक के आधुनिक भावबोध का सूचक है।
4) ध्रुवस्वामिनी के इस कथन में आधुनिक भारतीय नारी जागरण का संकेत भी मिलता है।
5) यहाँ भाषा संस्कृतनिष्ठ तथा सांकेतिक है। ''शीतल-मणि'', ''रक्त की तरल लालिमा'' आदि बिंब-बहुल शब्दों ने भाषा की अभिव्यंजना शक्ति का विस्तार किया है। यानी ये शब्द हमारी कल्पना में एक तरह का भाव-चित्र प्रस्तुत करते हैं।

m)j.k 2

''राजनीति? राजनीति ही मनुष्यों के लिए सब कुछ नहीं। राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्व मानव के साथ व्यापक संबंध है। राजनीति की साधारण छलनाओं से सफलता प्राप्त करके क्षण भर के लिए तुम अपने को चतुर समझ लेने की भूल कर सकते हो। परंतु इस भीषण संसार में प्रेम करने वाले हृदय को खो देना, सबसे बड़ी हानि है। शकराज! दो प्यार करने वाले हृदयों के बीच में स्वर्गीय ज्योति का निवास है।''

lnHkZ % iFke m)j.k esa fn;k lnHkZ

....
....
....
....
....
....
....

i:lx

शकराज ने अपने संधि-प्रस्ताव में रामगुप्त से ध्रुवस्वामिनी की माँग की थी। उसे खिंगल से पता चलता है कि ध्रुवस्वामिनी आ गई है तो वह अपनी विजय के प्रमाद में कोमा की उपेक्षा करता है। कोमा और मिहिरदेव समझाते हैं कि गुप्त सम्राट का गर्व चूर करने के लिए किसी स्त्री का सम्मान नष्ट करना उचित नहीं। मिहिरदेव ध्यान दिलाते हैं कि शकराज का ऐसा करना अपनी भावी पत्नी (कोमा) के प्रति अत्याचार होगा। किंतु शकराज अपने राजनीतिक कार्यों में मिहिरदेव का हस्तक्षेप नहीं चाहता। फिर भी मिहिरदेव उसे सही मार्ग पर चलने की सलाह देते हुए आगाह करते हैं।

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

0;k[;k

यहाँ मिहिरदेव मानवतावादी मूल्यों को जीवन में सर्वोच्च स्थान प्रदान करने की प्रेरणा देते हैं। इसलिए वे कहते हैं कि अपने आप में महत्त्वपूर्ण होते हुए भी राजनीति मनुष्य के लिए सब कुछ नहीं है। वह एक साधन हो सकती है किंतु साध्य नही। राजनीति को जीवन का लक्ष्य मान लेने पर मनुष्य नीति यानी उन बृहत्तर जीवन मूल्यों से कट जाता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणप्रद हैं। इसलिए वे शकराज को सावधान करते हैं कि राजनीति के पीछे कहीं नीति से हाथ न धो बैठना। नीति को अपनाने पर व्यक्ति ऐसा व्यवहार करेगा जिससे उसकी अपनी भलाई हो और किसी दूसरे का भी अहित न हो। यदि नीति का पालन नहीं होगा तो समाज में सदाचरण और सद्व्यवहार समाप्त हो जाएगा। जीवन के वे उच्चतर मूल्य समाप्त हो जाएँगे जो मनुष्यता को गरिमा प्रदान करते हैं। राजनीति के सामान्य छल-कपट के माध्यम से सफलता पाकर थोड़ी देर के लिए मनुष्य अपने को बहुत समर्थ ओर कुशल समझ सकता है। किंतु यह उसकी भूल होगी क्योंकि यह सफलता उसके जीवन की चरम उपलब्धि नहीं है। अन्य सहयोगी मनुष्यों का विश्वास और स्नेह पा सकना जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि एक-दूसरे से आगे बढ़ जाने की स्पर्धा में मनुष्य नीति को छोड़ कर छल-कपटपूर्ण मार्ग अपनाने लगता है। छल-कपट के कारण भयंकर जान पड़ने वाले इस संसार में किसी प्रेम करने वाले व्यक्ति को खोना सबसे बड़ी हानि है। निष्कपट प्रेम करने वाले व्यक्ति मुश्किल से मिलते हैं इसीलिए उनका विश्वास-भंग करना जीवन की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि को खो देना है। मिहिरदेव शकराज को उचित मार्ग दिखाते हुए कहते हैं कि दो प्रेम करने वाले हृदयों के बीच स्वर्गीय ज्योति विद्यमान रहती है। उनके बीच कोई छल-कपट राग-द्वेष या स्वार्थ नहीं होता, प्रवंचना का कोई आवरण नहीं होता। स्वर्गीय ज्योति से यहाँ किसी दिव्य अथवा अलौलिक चीज़ का बोध नहीं कराया गया बल्कि इसके माध्यम से प्रेम की उदारता की ओर संकेत किया गया है।

fo'k"k

1) प्रस्तुत गद्यांश 'प्रसाद' जी की मानवतावादी जीवन दृष्टि का सूचक है।
2) प्रेम के उदात्त रूप की चर्चा की गई है जिसमें किसी तरह के कलुष की कोई संभावना नहीं।
3) शैली विचार और विश्लेषण प्रधान है।
4) i) भाषा में भाव और विचार की ऊर्जा के साथ-साथ बोलचाल की रवानी है।
   ii) ''हाथ धो बैठना'' मुहावरा प्रयुक्त हुआ है इसका अर्थ है खो देना।

m)j.k 3

''इस प्रथम संभाषण के लिए कृतज्ञ हुई महाराज! किंतु मैं भी यह जानना चाहती हूँ कि गुप्त साम्राज्य क्या स्त्री-संप्रदान से ही बढ़ा है?''

lnHk····(पहले उद्धरणों की भाँति)

....

....

....

....

....

izlax

शकों ने रामगुप्त के शिविर को दोनों तरफ से घेर लिया है। ऐसी स्थिति में रामगुप्त के पास दो ही विकल्प हैं युद्ध करके शकों को परास्त करे या उनका संधि-प्रस्ताव स्वीकार करे। रामगुप्त को शंका है कि ध्रुवस्वामिनी महादेवी बन जाने के बावजूद चंद्रगुप्त से प्रेम करती है और किसी भी समय उसके लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है। इसलिए वह भीतर बाहर के सभी शत्रुओं को एक ही चाल में परास्त करना चाहता है। शकराज का संधि-प्रस्ताव स्वीकार करके वह ध्रुवस्वामिनी को उसके पास भेजने को तैयार है। वह योजना बना कर शिखरस्वामी के साथ ध्रुवस्वामिनी से मिलने आता है। इससे पहले वह उसके पास कभी नहीं आया। कभी उसने ध्रुवस्वामिनी से बातचीत भी नहीं की। अब ध्रुवस्वामिनी के पास आकर दोनों इस तरह व्यवहार कर रहे हैं कि वे अचानक ही वहाँ पहुँचे हैं। शिखरस्वामी शकराज के प्रस्ताव की सूचना देता है। रामगुप्त ऐसा व्यवहार करता है जैसे वह कुछ जानता ही नहीं। ध्रुवस्वामिनी उन दोनों के व्यवहार से अत्यंत क्षुब्ध होती है।

O;k[;k

रामगुप्त द्वारा उपेक्षा और अपमान की वेदना से ध्रुवस्वामिनी पहले ही क्षुब्ध थी, ऊपर से इस व्यवहार को पाकर वह रामगुप्त पर व्यंग्य करती है कि इस प्रथम संभाषण के लिए अपने पति की कृतज्ञ है। यहाँ 'कृतज्ञ' शब्द का व्यंजनाश्रित प्रयोग है। वह अपने सामान्य अर्थ से विपरीत अर्थ का द्योतक है। शाब्दिक अर्थ है कि वह रामगुप्त की कृपा का उपकार स्वीकार कर रही है किंतु निहित अर्थ है कि यह वस्तुतः उसकी कृपा नहीं अत्याचार है जिससे उसे अपार कष्ट पहुँचा है। इस वाक्य से वह रामगुप्त को उलाहना देती है कि अब तक उसने एक बार भी अपनी पत्नी से बात नहीं की। पहली बार जो बात की है वह भी कितने स्नेह विहीन, अनुत्तरदायित्वपूर्ण और अपमानजनक ढंग से की है। अपने अगले वाक्य में वह और भी तीखा व्यंग्य करती है कि अपने शौर्य और पराक्रम के लिए विख्यात गुप्त साम्राज्य का विस्तार क्या अपनी कुल-वधुएँ अन्य लोगों को भेंट में देकर किया गया है। इस तरह वह रामगुप्त के संपूर्ण व्यक्तित्त्व को ललकारती है। यहाँ कटु व्यंग्य के माध्यम से भर्त्सना की गई है। यह प्रश्न वस्तुतः प्रश्न मात्र नहीं है। यहाँ रामगुप्त को उसकी कारयता और धृष्टता का अहसास कराने का प्रयास है। गुप्त साम्राज्य के अद्वितीय गौरव को स्मरण कराके रामगुप्त को उसके छोटेपन का अहसास कराने की कोशिश की है इस आशा के साथ कि शायद अपनी और अपने कुल की भर्त्सना सुन कर ही रामगुप्त में आत्मग्लानि पैदा हो और वह अपने और अपनी पत्नी के सम्मान की रक्षा का प्रयास करे।

fo'ks"k

1) प्रस्तुत वाक्य तीखे व्यंग्य का अत्यंत उत्कृष्ट उदाहरण हैं।
2) भाषा की व्यंजना शक्ति कितनी प्रबल होती है यह यहाँ देखा जा सकता है। यहाँ दो वाक्यों में जो कुछ कह दिया गया है उसे अभिधापरक प्रयोग के द्वारा पूरे पैराग्राफ में नहीं कहा जा सकता था।
3) तत्सम शब्दों का प्रयोग होते हुए भी भाषा में बोलचाल की सहजता है।

m)j.k 4

''कौन महादेवी! राजा, क्या अब भी मैं महादेवी ही हूँ? जो शकराज की शैय्या के लिए क्रीतदासी की तरह भेजी गई हो, वह भी महादेवी! आश्चर्य!''

lanHkZ

पूर्व उद्धरण की भाँति

....

....

....

izlax

चंद्रगुप्त द्वारा शकों पर विजय की सूचना पाकर रामगुप्त अपने सैनिकों के साथ दुर्ग में आ जाता है। वहाँ निरीह शकों की हत्या कराके अपनी शक्ति का मिथ्या प्रदर्शन करता हैं जब सामंत कुमार उसके इस आचरण का विरोध करते हैं तो वह उन्हें बंदी बनवा लेता है। फिर वह सैनिकों को आदेश देकर चंद्रगुप्त को भी बंदी बनवा लेता है। ध्रुवस्वामिनी चंद्रगुप्त से प्रतिवाद करने के लिए कहती है किंतु वह चुप रहता है। रामगुप्त ध्रुवस्वामिनी को डाँटते हुए कहता है ''महादेवी! चुप रहो।'' तब ध्रुवस्वामिनी दृढ़तापूर्वक पूछती है।

O;k[;k

'महादेवी' का संबोधन उसके लिए कहाँ तक और किस तरह उपयुक्त है? क्या इतना सब हो जाने के बाद भी वह महादेवी बनी रह सकती है? महादेवी वह पदवी है जो किसी राजा की रानी को दी जाती है, उसे राजा के समकक्ष सम्मान मिलता है। किंतु राजा रामगुप्त ने महादेवी को शकराज के पास उपहार स्वरूप भेज दिया, वैसे ही जैसे किसी खरीदी हुई दासी को किसी भी व्यक्ति के पास भेज दिया जाए। उसे न तो पत्नी का अधिकार मिला, न ही महादेवी का। पति होने के नाते रामगुप्त को अपने और अपनी पत्नी के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए थी न कि शकराज के भोग-विलास के साधन के रूप में उसके पास जाने का आदेश देना चाहिए था और राजाधिराज होने के नाते उसे महादेवी ध्रुवस्वामिनी के गौरव की रक्षा जी-जान से

करनी चाहिए थी। भोग-विलास के उपहार के रूप में भेजी गई स्त्री का स्थान खरीदी हुई दासी से अधिक नहीं है। जो स्त्री किसी दूसरे को दे दी गई वह अपने पूर्व गौरव और पद दोनों से वंचित की जा चुकी है। उसे पूर्व सम्मानपूर्ण नाम 'महादेवी' से पुकारना न केवल अनाधिकारपूर्ण चेष्टा है, बल्कि रामगुप्त की निर्लज्जता का सूचक भी है। ध्रुवस्वामिनी का यह कथन रामगुप्त के प्रति धिक्कार का संकेत है। इस बात को ध्रुवस्वामिनी व्यंग्यपूर्वक कहती है कि उसे आश्चर्य है कि शकराज की शैय्या के लिए यानी उसके विलास के लिए भेजे जाने के बावजूद भी क्या रामगुप्त उस पर अपना अधिकार समझता है।

fo'ks"k

1) इस कथन के माध्यम से ध्रुवस्वामिनी रामगुप्त पर व्यंग्य करने के साथ-साथ पुरुष के अधिकारों की व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगाती है और स्त्री के अधिकारों की अप्रत्यक्ष रूप से माँग करती है।
2) भाषा में बोलचाल की सहजता है।
3) शैली व्यंग्यात्मक है।

vH;kl

नीचे 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के कुछ अंश उद्धृत किए जा रहे हैं, उनकी संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

m)j.k 1

''भयानक समस्या है। मूर्खों ने स्वार्थ के लिए साम्राज्य के गौरव का सर्वनाश करने का निश्चय कर लिया है। सच है वीरता जब भागती है तो उसके पैरों से छल-छंद की धूल उड़ती है।''

lanHkZ

नाटक और नाटककार की चर्चा

....

....

....

izlax

प्रस्तुत कथन किस पात्र का है?

....

....

....

किस प्रसंग में उसने यह बात किसे कही है?

....

....

....

0;k[;k

....

....

....

....

....

fo'ks"k

1) कथा की विशेषता (उसका मूल भाव)

....

....

2) भाषा

....

....

3) शैली

4) अन्य

m)j.k 2

''कुछ नहीं, मैं केवल यही कहना चाहती हूँ कि पुरुषों ने स्त्रियों को अपनी पशु संपत्ति समझकर उन पर अत्याचार करने का अभ्यास बना लिया है, वह मेरे साथ नहीं चल सकता। यदि तुम मेरी रक्षा नहीं कर सकते, अपने कुल की मर्यादा, नारी का गौरव नहीं बचा सकते तो मुझे बेच भी नहीं सकते। हाँ तुम लोगों को आपत्ति से बचाने के लिए मैं स्वयं यहाँ से चली जाऊँगी।''

lnHk

नाटक और नाटककार की चर्चा

i lx

प्रस्तुत कथन किस पात्र का है?

किस प्रसंग में उसने यह बात किससे कही है?

0;k[;k

fo'k"k

1) कथा का मूल भाव

2) भाषा

3) शैली

4) अन्य

m)j.k 3

''तोड़ डालूँ पिताजी! मैंने जिसे अपने आसुँओं से सींचा, वही दुलार भरी बल्लरी, मेरे आँख बंद कर चलने में मेरे ही पैरों से उलझ गई है। दे दूँ एक झटका - उसकी हरी-हरी पत्तियाँ कुचल जाएँ और वह छिन्न होकर धूल में लौटने लगे? ना, ऐसी कठोर आज्ञा न दो!''

lanHkZ

....

izlax

....

O;k[;k

....

fo'ks"k

1) मूलभाव

....

2) भाषा

....

3) शैली

....

4) अन्य

....

27-4 lkjka'k

इस इकाई में आपने नाटककार जयशंकर 'प्रसाद' तथा उसके नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की। फिर आपने 'ध्रुवस्वामिनी' का वाचन किया। वाचन करते समय इनमें प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ जाने और इसमें आए विभिन्न ऐतिहासिक पौराणिक संदर्भों की जानकारी प्राप्त की। अब आप इसकी भाषा-शैली और कथ्य का परिचय प्राप्त हो गया है। कथा में आए महत्त्वपूर्ण मोड़ों और विविध पात्रों की वैयक्तिक विशेषताओं पर आपने गौर किया होगा। यदि वैसा नहीं कर पाये हैं तो इस नाटक को एक बार फिर से पढ़ें। हालाँकि इन पक्षों की विस्तृत चर्चा हम अगली इकाइयों में करेंगे फिर भी मूल नाटक को अच्छी तरह समझना आपके लिए ज़रूरी है। ऐसा करके ही आप इस नाटक के किसी अंश की संदर्भ सहित व्याख्या कर सकेंगे। हमने यहाँ आपको कुछ अंशों की व्याख्या करके दिखाई है। उस व्याख्या को ध्यान से पढ़ें। इससे आपको पता लगेगा कि किसी गद्यांश की व्याख्या करते समय उसके कठिन शब्दों के स्थान पर सही शब्दों का प्रयोग कर देना मात्र पर्याप्त नहीं है। उन शब्दों के पीछे निहित लेखकीय आशय को पकड़ना भी जरूरी है। कई बार लेखक बड़ी सांकेतिक भाषा का प्रयोग करता है। उन संकेतों को पकड़ कर हम उनमें निहितार्थ का भली-भाँति पता लगा सकेंगे।

27-5 cks/k iz'uksa@vH;klksa ds mÙkj

cks/k iz'u

1. जब रामगुप्त ध्रुवस्वामिनी को शकराज के पास चले जाने की आज्ञा देता है और यह बात सुनकर ध्रुवस्वामिनी कृपानी निकालकर आत्महत्या का प्रयास करती है, तभी चन्द्रगुप्त का प्रवेश होता है।
2. शकराज ध्रुवस्वामिनी और अन्य सामंतों के लिए स्त्रियों की मांग करता है।
3. चंद्रगुप्त शकराज के पास स्त्री वेश धारणा करके स्वयं ध्रुवस्वामिनी के रूप में शकराज के पास जाने का प्रस्ताव करता है।
4. पुरोहित तथा परिषद के सदस्य रामगुप्त को पद से हटाने और रामगुप्त और ध्रुवस्वामिनी के विवाह को धर्मशास्त्र के प्रतिकूल घोषित करते हैं।
5. यह ध्रुवस्वामिनी का कथन है। गुप्तकुल की वधु तथा राजाधिराज रामगुप्त की महादेवी बन जाने पर ध्रुवस्वामिनी को बड़ा ही अपमानपूर्ण जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है इसलिए वह अपने आपको सोने के पिंजरे में कैद पंछी की भाँति महसूस करती है।
6. यह ध्रुवस्वामिनी का कथन है। उसके विवाह को कई दिन हो चुके हैं किंतु उसके पति राजाधिराज रामगुप्त ने उससे अभी तक एक बार भी बातचीत नहीं की है। उसे इस अपमान की पीड़ा है। तभी सेविका कहती है कि अमात्य उससे मिलना चाहते हैं। इस पर ध्रुवस्वामिनी यह व्यंग्य भरे वचन कहती है।
7. वह व्यंग्यपूर्ण वचन ध्रुवस्वामिनी रामगुप्त से कहती है। उसकी रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग को तैयार चंद्रगुप्त के प्रति उसका स्नेहभाव प्रकट हो जाता है। रामगुप्त इसके लिए उसे लज्जित करने का प्रयास करता है तो ध्रुवस्वामिनी ये क्रोधपूर्ण व्यंग्य वचन कहती है।
8. यह मिहिरदेव का कथन है। शकराज के अनीतिपूर्ण कार्यों के परिणामस्वरूप भावी अनिष्ट की ओर ध्यान दिलाते हुए वे कोमा को सावधान करते हैं कि उसकी भलाई यहाँ से चले जाने में ही है।
9. ध्रुवस्वामिनी के यह वचन नारी जागृति की भावना के सूचक हैं। वह रामगुप्त को ध्यान दिलाती है कि इतने अन्याय के बावजूद भी क्या उसका हृदय ध्रुवस्वामिनी पर अपना अधिकार समझता है और यदि समझता है तो यह गलत है।

vH;kl

उद्धरण 1, 2 और 3 की संदर्भ और प्रसंग सहित व्याख्या के लिए 'ध्रुवस्वामिनी' को ध्यान से पढ़ें और कुछ उद्धरणों की जो व्याख्या इकाई में दी गई है, उनको समझते हुए स्वयं व्याख्या लिखें।